**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 3006**
**06 अगस्त, 2021 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**कोविड-19 के लिए उपलब्ध टीके**

**3006. श्री बी.वाई.राघवेन्द्र:**
**श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा:**
**श्री अण्णासाहेब शंकर जोल्ले:**
**डॉ. उमेश जी. जाधव:**

**क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में वर्तमान में कोविड-19 के लिए उपलब्ध तथा दिए जा रहे टीके के प्रकारों का ब्यौरा क्या है;

(ख) 45 वर्ष के ऊपर के तथा 18-44 वर्ष के आयु-वर्ग में कुल कितने लोगों को खुराक-वार/टीका-वार/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार टीका दिया जा चुका है;

(ग) क्या जिन लोगों को वैक्सीन का टीका दिया गया है उन्हें राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार इसकी दूसरी खुराक उपलब्ध है; और

(घ) पूरे देश में कोवैक्सीन को उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाए किए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रवीण पवार)**

(क) से (घ): तीन वैक्सीनों नामत: मै. सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा निर्मित कोविशील्ड, मै. भारत बायोटेक इंटरनेशनल लिमि. द्वारा निर्मित कोवैक्सीन तथा स्पूतनिक-V को राष्ट्रीय विनियामक अर्थात भारतीय औषध महानियंत्रक [डीसीजी (आई)] द्वारा आपात स्थिति में सीमित प्रयोग के लिए अनुमति प्रदान की है। इन वैक्सीनों को भारत में कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम के तहत वर्तमान में प्रयोग में लाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, मॉडर्ना वैक्सीन को भी राष्ट्रीय विनियामक द्वारा अनुमति प्रदान की गई है।

45 वर्ष से अधिक आयु के तथा 18-44 वर्ष की आयु के वैक्सीन लगवा चुके व्यक्तियों की कुल संख्या क्रमश: अनुलग्नक-1 और 2 में दी गई है।

2 अगस्त, 2021 की स्थिति के अनुसार, कुल 3.65 करोड़ व्यक्तियों (स्वास्थ्य परिचर्या कर्मियों और फ्रंटलाइन कर्मियों सहित) को कोवैक्सीन की पहली खुराक लगाई गई है और 1.96 करोड़ व्यक्तियों को दूसरी खुराक लगाई गई है। जिन लाभार्थियों ने प्रथम खुराक लगवा ली है उनमें से सभी दूसरी खुराक लगवाने के पात्र नहीं हुए हैं। जैसे ही लाभार्थियों को दूसरी खुराक लगाने का समय आता है उनकी दूसरी खुराक के लिए टीकों की व्यवस्था वैक्सीन की उपलब्धता के आधार पर तत्संबंधी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा की जाती है।

भारत सरकार राष्ट्रीय कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम की प्रगति की नियमित समीक्षा सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ करती है। भारत सरकार कोविड-19 टीकाकरण की कवरेज़ में और तेज़ी लाने तथा नागरिकों की सुविधा बढ़ाने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के पास कोविड-19 वैक्सीनों की उपलब्धता 15 दिन पहले दर्शाने की व्यवस्था भी कर रही है साथ ही उन्हें सलाह दी गई है वे जिले-वार और सीवीसी-वार योजना पहले से तैयार करके प्रकाशित कराएं। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सलाह दी गई है कि जिन व्यक्तियों को दूसरी खुराक लगनी है टीकाकरण के लिए उनकी वरीयता निर्धारित करें। राज्यों को सलाह दी गई है कि दोनों खुराकों को पूरा करना न केवल महामारी के प्रबंधन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि लाभार्थियों को पूरा संरक्षण भी दिया जाए। दूसरी खुराक की कवरेज़ बढ़ाने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निम्नलिखित उपाय सुझाए गए हैं:

- दूसरी खुराक की कवरेज़ के लिए वरीयता निर्धारण की शीघ्र आयोजना के लिए वैक्सीन आपूर्तियों की पहले से दृश्यता (विजिबिलिटी)/सूचना का उपयोग करना।
- जिन लाभार्थियों को दूसरी खुराक लगनी है उनकी नियमित समीक्षा करना और उनका वैक्सीन शैड्यूल समय पर पूरा करने पर ध्यान देने के लिए संबंधित अधिकारियों को निदेश देना।
- प्रत्येक कोविड-19 टीकाकरण केंद्र पर दूसरी खुराक के लिए वैक्सीन के मासिक आवंटन की कतिपय प्रतिशत मात्रा अलग रखना या दूसरी खुराक लगाने के लिए उस दिन के दौरान या कतिपय दिनों को विनिर्दिष्ट समयावधि को अलग से रखना।
- कोविड-19 टीकाकरण केंद्रों पर पहली और दूसरी खुराक के लाभार्थियों के लिए अलग लाइनें बनाना।
- दूसरी खुराक लगवाने की जरूरत और महत्व के बारे में लाभार्थियों को जागरूक करने के लिए विशेष आईईसी अभियान चलाना ताकि इसके लिए सहमति और मांग में वृद्धि हो।

अनुलग्नक-1

**कोविड-19 वैक्सीन लगवा चुके 45 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या**

**(2 अगस्त, 2021 के अनुसार)**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | पहली खुराक | दूसरी खुराक | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 1,00,195 | 78,966 | 1,79,161 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1,08,02,557 | 42,20,603 | 1,50,23,160 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 2,11,671 | 1,10,743 | 3,22,414 |
| 4 | असम | 36,49,197 | 12,90,833 | 49,40,030 |
| 5 | बिहार | 94,27,424 | 28,12,384 | 1,22,39,808 |
| 6 | चंडीगढ़ | 2,51,546 | 1,38,278 | 3,89,824 |
| 7 | छत्तीसगढ | 51,99,219 | 17,30,034 | 69,29,253 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 63,106 | 26,601 | 89,707 |
| 9 | दमन और दीव | 57,610 | 32,173 | 89,783 |
| 10 | दिल्ली | 30,43,031 | 18,14,828 | 48,57,859 |
| 11 | गोवा | 4,48,205 | 2,27,131 | 6,75,336 |
| 12 | गुजरात | 1,22,61,195 | 60,90,183 | 1,83,51,378 |
| 13 | हरियाणा | 43,00,161 | 18,23,189 | 61,23,350 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 20,32,993 | 11,42,223 | 31,75,216 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 29,91,303 | 9,83,889 | 39,75,192 |
| 16 | झारखंड | 35,36,758 | 12,38,208 | 47,74,966 |
| 17 | कर्नाटक | 1,20,78,613 | 51,63,217 | 1,72,41,830 |
| 18 | केरल | 92,20,194 | 48,42,026 | 1,40,62,220 |
| 19 | लद्दाख | 66,033 | 50,631 | 1,16,664 |
| 20 | लक्षद्वीप | 20,984 | 12,385 | 33,369 |
| 21 | मध्य प्रदेश | 1,08,12,770 | 36,83,140 | 1,44,95,910 |
| 22 | महाराष्ट्र | 1,81,84,309 | 84,45,955 | 2,66,30,264 |
| 23 | मणिपुर | 4,14,076 | 1,14,110 | 5,28,186 |
| 24 | मेघालय | 2,97,067 | 1,32,776 | 4,29,843 |
| 25 | मिजोरम | 2,28,000 | 1,56,814 | 3,84,814 |
| 26 | नगालैंड | 1,88,874 | 95,233 | 2,84,107 |
| 27 | ओड़िशा | 69,62,189 | 30,04,709 | 99,66,898 |
| 28 | पुदुच्चेरी | 2,47,627 | 1,04,086 | 3,51,713 |
| 29 | पंजाब | 38,71,240 | 13,75,276 | 52,46,516 |
| 30 | राजस्थान | 1,32,65,170 | 57,31,550 | 1,89,96,720 |
| 31 | सिक्किम | 1,59,944 | 1,23,997 | 2,83,941 |
| 32 | तमिलनाडु | 83,58,273 | 27,73,918 | 1,11,32,191 |
| 33 | तेलंगाना | 54,40,266 | 24,69,053 | 79,09,319 |
| 34 | त्रिपुरा | 10,63,428 | 6,59,936 | 17,23,364 |
| 35 | उत्तर प्रदेश | 1,93,11,302 | 55,94,279 | 2,49,05,581 |
| 36 | उत्तराखंड | 21,27,398 | 11,81,741 | 33,09,139 |
| 37 | पश्चिम बंगाल | 1,19,88,347 | 66,36,838 | 1,86,25,185 |
| 38 | **कुल** | **18,26,82,275** | **7,61,11,936** | **25,87,94,211** |

अनुलग्नक-2

**कोविड-19 वैक्सीन लगवा चुके 18-44 वर्ष की अधिक आयु के व्यक्तियों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या**

**(2 अगस्त, 2021 के अनुसार)**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | पहली खुराक | दूसरी खुराक | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 94,568 | 349 | 94,917 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 35,90,706 | 2,07,720 | 37,98,426 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 3,64,118 | 904 | 3,65,022 |
| 4 | असम | 45,73,049 | 1,69,758 | 47,42,807 |
| 5 | बिहार | 1,02,81,056 | 3,80,398 | 1,06,61,454 |
| 6 | चंडीगढ़ | 3,29,349 | 5,467 | 3,34,816 |
| 7 | छत्तीसगढ | 38,26,567 | 1,53,152 | 39,79,719 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 2,49,057 | 272 | 2,49,329 |
| 9 | दमन और दीव | 1,68,685 | 1,011 | 1,69,696 |
| 10 | दिल्ली | 36,90,894 | 3,44,143 | 40,35,037 |
| 11 | गोवा | 5,21,487 | 15,150 | 5,36,637 |
| 12 | गुजरात | 1,12,30,184 | 6,94,500 | 1,19,24,684 |
| 13 | हरियाणा | 46,12,770 | 3,57,386 | 49,70,156 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 16,02,080 | 5,523 | 16,07,603 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 15,70,814 | 66,566 | 16,37,380 |
| 16 | झारखंड | 37,75,893 | 1,89,918 | 39,65,811 |
| 17 | कर्नाटक | 1,03,25,477 | 5,23,171 | 1,08,48,648 |
| 18 | केरल | 39,49,136 | 3,20,061 | 42,69,197 |
| 19 | लद्दाख | 88,854 | 78 | 88,932 |
| 20 | लक्षद्वीप | 25,124 | 203 | 25,327 |
| 21 | मध्य प्रदेश | 1,52,10,560 | 7,32,706 | 1,59,43,266 |
| 22 | महाराष्ट्र | 1,18,45,844 | 6,76,494 | 1,25,22,338 |
| 23 | मणिपुर | 5,58,326 | 3,073 | 5,61,399 |
| 24 | मेघालय | 4,65,156 | 1,034 | 4,66,190 |
| 25 | मिजोरम | 3,57,958 | 1,557 | 3,59,515 |
| 26 | नगालैंड | 3,55,395 | 1,047 | 3,56,442 |
| 27 | ओडिशा | 50,58,464 | 4,10,996 | 54,69,460 |
| 28 | पुदुच्चेरी | 2,66,581 | 2,700 | 2,69,281 |
| 29 | पंजाब | 26,02,788 | 1,24,794 | 27,27,582 |
| 30 | राजस्थान | 1,07,62,562 | 8,66,587 | 1,16,29,149 |
| 31 | सिक्किम | 3,03,910 | 459 | 3,04,369 |
| 32 | तमिलनाडु | 91,99,901 | 5,91,623 | 97,91,524 |
| 33 | तेलंगाना | 52,92,281 | 6,04,298 | 58,96,579 |
| 34 | त्रिपुरा | 11,64,705 | 22,944 | 11,87,649 |
| 35 | उत्तर प्रदेश | 1,93,38,389 | 8,06,329 | 2,01,44,718 |
| 36 | उत्तराखंड | 21,23,612 | 54,203 | 21,77,815 |
| 37 | पश्चिम बंगाल | 72,46,278 | 5,58,261 | 78,04,539 |
| 38 | **कुल** | **15,70,22,578** | **88,94,835** | **16,59,17,413** |

*****